Publication: **Amar Ujala** | Region: **Delhi** | Date: **18/08/2015** | Page No.: **11**

रिलायंस लाइफ लाई इंक्रीजिंग इनकम प्लान

नई दिल्ली (ब्यूरो)। रिलायंस कैपिटल लिमिटेड की सहायक इकाई रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने एक नए प्लान रिलायंस इंक्रीजिंग इनकम इंश्योरेंस योजना को बाजार में उतारने की घोषणा की है।

इस योजना में ग्राहकों के लिए दो विकल्प दिए गए हैं। रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस के चीफ एजेंसी ऑफिसर मनोरंजन साहू ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में बताया कि रिलायंस इंक्रीजिंग इनकम बीमा योजना एक पारम्परिक नॉन-पार्टीसिपेटिंग योजना है, जो पालिसी धारकों की महत्वाकांक्षाओं और सपनों के अनुरूप उसके बढ़ते खर्चों को पूरा करने के लिए मासिक आय के एक स्रोत के रूप में काम करती है। इस योजना की यह विशेषता है कि यह प्रीमियम भुगतान की अवधि खत्म होने के बाद भी पॉलिसी धारकों को लम्बे समय तक नियमित मासिक आय उपलब्ध कराता है।